कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 22.12.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में
राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नातकोत्तर गणित विभाग के द्वारा छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के तत्वाधान में राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में आयोजित परिचर्चा का संचालन करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. अनुजा चौहान ने बताया कि भारत में गणित के अनेक विशेषज्ञ हुए है। श्री रामानुजम गणित के विख्यात विद्वान रहे हैं जिन्होनें गणित के महत्वपूर्ण थ्योरम हमें दिये है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि रामानुजम के वैक्तित्व से हमें प्रेरणा लेनी चाहिये। वे 12वीं की परीक्षा में दो बार असफल हुए पर गणित का जुनुन ने उन्हें विश्व ख्याती दिलायी।

गणित के प्राध्यापक शंकर वैद्य ने रामानुजम के सूत्रों के महत्वपूर्ण उपयोगों पर विस्तार से बताया। प्रोफेसर तारा देवांगन ने गणितज्ञ ब्रम्हगुप्त के विभिन्न गणितीय सूत्रों पर प्रकाश डाला। इस परिचर्चा में छात्राओं ने अपनी भागीदारी दी। कु. वेतिका, कु. श्रद्धा, कु. कविता, कु. यामिनी, कु. अंजली, कु. भारती, कु. जान्हवी तथा कु. सुमन ने कविता, भाषण की प्रस्तुती दी।

विभागाध्यक्ष डॉ. अनुजा चौहान ने बताया कि गणित दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रतिभागियों को पुरस्कार तथा प्रमाण-पत्र दिये जायेंगे। इस कार्यक्रम में प्राध्यापकों एवं बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया।

आभार प्रदर्शन श्री शंकर वैद्य ने किया।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)